सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन देहरादून 24 अगस्त, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग, के कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय नेगी ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन 2021–22 प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने आयोग के क्रियाकलापों और गतिविधियों की जानकारी राज्यपाल को दी।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक रूप से सर्वांगीण उत्थान एवं कल्याण हेतु चलाए जाने वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि यह योजनाएं पात्र व्यक्ति को अवश्य मिलें इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव श्री शेखर प्रकाश पटवा भी उपस्थित रहे।

...........0............